# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 17.09.2026

## छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति सम्बन्धी सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2026–27 हेतु **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** **15 अक्टूबर, 2026** तक है। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने हेतु सर्वप्रथम विद्यार्थियों को OTR फार्म ऑनलाइन भरना होगा। वे विद्यार्थी जिन्होंने पिछले वर्ष (सत्र 2025–26) में ऑनलाइन आवेदन किया था वे नवीनीकरण (Renewal) के माध्यम से छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरेंगे, जबकि नये विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है या जिन्होंने पिछले वर्ष आवेदन नहीं किया था वे नवीन (Fresh) फार्म भरेंगे। आनलाईन आवेदन मे बी.ए./बी.एस.सी./बी. काम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी 4 वर्षीय कोर्स अंकित करेंगें। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी, जो नवीन (Fresh) आवेदन करेंगें, वे 3 वर्षीय कोर्स अंकित करेंगें। छात्रवृत्ति फार्म भरने वाले विद्यार्थियों के पास डिजीलाकर एकाउण्ट होना आवश्यक है। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र की हार्डकापी महाविद्यालय में फाइनल प्रिंट **विलम्बतः 15 अक्टूबर, 2026** तक निम्नलिखित आवश्यक संलग्नकों सहित अवश्य जमा कर दें।

1. इस सूचना के साथ संलग्न प्रारूप को छात्रवृत्ति फार्म के साथ सबसे ऊपर संलग्न करें।
2. आपार (APAAR ID) की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. प्रवेश रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. आधार सीडेड/लिंक्ड बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्र एवं अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
6. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. आय प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (पिता के नाम का आय प्रमाण पत्र। पिता की मृत्यु की दशा में माता के नाम का आय प्रमाण–पत्र। माता व पिता की मृत्यु की दशा में वैधानिक संरक्षक के नाम आय प्रमाण–पत्र, नोटरी शपथ–पत्र के साथ। विवाहित छात्रा की दशा में उसके पति के नाम का आय प्रमाण–पत्र।)
8. आधार की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
9. आवासीय छात्रों के छात्रावास की रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
10. अन्तराल (GAP) के सम्बन्ध में नोटरी शपथ–पत्र ।

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति बेवसाइट का लिंक** – https://scholarship.up.gov.in/

**बेवसाइट पर महाविद्यालय का नाम – D.V.N.D.C. COLLEGE, GORAKHPUR**

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273009
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

नोटः–

1. दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2026–27 के आवेदन–पत्र को भरते समय गतवर्ष के विवरण का पूर्णांक/प्राप्तांक को अधिकतम सीजीपीए 10 मानते हुए 100 से गुणा कर प्राप्तांक/पूर्णांक 1000 में प्राप्त होगा। (उदाहरण : सीजीपीए. 7.92/10 को 792/1000 समझा जाए।)
2. आवेदन करते समय निम्नलिखित सारणी/सूची के अनुसार ही शुल्क अंकित करें।

## नान रिफण्डेबिल शुल्क निम्नवत है–

| क्रम.स. | कक्षा | शुल्क/धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | बी.ए./ बी.एससी./ बी.काम.–1, 2, 3 | 5000 |
| 2 | बी.सी.ए.–1, 2, 3 | 14775 |
| 3 | बी.एड.–1 | 7300 |
| 4 | बी.एड–2 | 7500 |
| 5 | एम.ए.–1 प्राचीन इतिहास | 5274 |
| 6 | एम.ए.–2 प्राचीन इतिहास | 5874 |
| 7 | एम.ए.–1, 2 – हिन्दी/भूगोल/समाजशास्त्र समाजशास्त्र/राजनीतिशास्त्र/शिक्षाशास्त्र | 8000 |
| 8 | एम.काम.–1, 2 | 8000 |
| 9 | एम.एससी.–1, 2 रसायन विज्ञान/ गणित | 8000 |

महाविद्यालय द्वारा गठित जॉच समिति के द्वारा आवेदन–पत्र के जॉच के उपरान्त सभी कार्यदिवसों में निम्नांकित विवरण के अनुसार छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन **श्री गोरख प्रसाद, वरिष्ठ कार्यालय सहायक** के पास जमा किया जायेगा–

| वर्ग | दिवस |
|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | **सोमवार, मंगलवार** |
| **अन्य पिछड़ा वर्ग** | **बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार** |
| **अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक** | **शुक्रवार, शनिवार** |

**डॉ. सुभाष चन्द्र**
नोडल अधिकारी

**प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह**
प्राचार्य

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

## विद्यार्थी द्वारा उ.प्र. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन (सत्र : 2026–27) के साथ जमा करने हेतु प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| 1 | छात्रवृत्ति OTR संख्या | |
| 2 | छात्रवृत्ति पंजीकरण संख्या | |
| 3 | अपार (APAAR ID) | |
| 4 | विद्यार्थी का नाम | |
| 5 | पिता/पति का नाम | |
| 6 | कक्षा एवं वर्ष | |
| 7 | मोबाईल नम्बर/WhatsApp Mobile No. | |
| 8 | वर्ग/जाति | GEN ☐ OBC ☐ SC ☐ ST ☐ MINORITY ☐ |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | गत वर्ष की कक्षा | |
| 2 | गत वर्ष का परीक्षाफल | PASS ☐ Promote with Marks ☐<br>Result yet not declared ☐ Promote without marks ☐ |
| 3 | गत वर्ष की परीक्षा प्रणाली | वार्षिक ☐ सेमेस्टर ☐ |
| 4 | गत वर्ष की अंक प्रणाली | पूर्णांक ☐ /सी0जी0पी0ए0 ☐ |
| 5 | गत वर्ष का पूर्णांक | |
| 6 | गत वर्ष का प्राप्तांक | |
| 7 | गत वर्ष का प्रतिशत | |
| 8 | गत वर्ष के शिक्षण संस्थान का नाम | |
| 9 | छात्र का इनरोलमेन्ट/रोल नम्बर<br>(नवप्रवेशित के लिए अनिवार्य नहीं) | |
| 10 | वर्तमान पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष मे प्रवेश की तिथि | |
| 11 | पाठ्यक्रम के वर्तमान सत्र में प्रवेश की तिथि | |
| 12 | काउन्सिलिंग विवरण<br>(UP B.ED के पाठ्क्रम हेतु) | काउन्सिलिंग नं0 –<br>प्रवेश परीक्षा का वर्ष–<br>परीक्षा में प्राप्त रैंक–<br>कट ऑफ अंक– |
| 13 | छात्र की उपस्थिति के प्रतिशत का विवरण<br>(यह सूचना विभाग प्रभारी/शिक्षक द्वारा भरा जायेगा) | (see below) |
| 14 | आवासीय ☐ | दिवा छात्र ☐ |

| विषय | उपस्थिति प्रतिशत | प्रभारी/प्राध्यापक का नाम | प्रभारी/प्राध्यापक ह. |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |

उपरोक्त सभी सूचनाएँ मेरे द्वारा सही–सही भरी गयी है। इसमें यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो मैं स्वयं उत्तरदायी हूँ।

| | |
|---|---|
| जॉचकर्ता अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर (दिनांक सहित) | छात्र/छात्रा के हस्ताक्षर (दिनांक सहित) |

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 17.09.2026

## छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन पत्रों के जॉच हेतु महाविद्यालय स्तर पर पुनर्गठित टीम

उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना सत्र : 2026–27 के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जमा करने के पूर्व आवेदन–पत्र में संलग्न प्रमाण पत्रों का मिलान मूल प्रमाण पत्रों से शिक्षण संस्थान स्तर पर गठित टीम द्वारा किया जाना है। आवेदन–पत्र के साथ संलग्न अभिलेखों का मिलान गठित टीम द्वारा किये जाने के उपरान्त टीम के सदस्यों द्वारा सही एवं पात्र पाये गये आवेदन पत्रों को ही संस्थान स्तर से अग्रसारित किया जायेगा। यदि कोई गलत / त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र टीम के सदस्यों द्वारा अग्रसारित किया जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी जॉच करने वाले सदस्य की होगी।

**अतः उक्त कार्य हेतु संस्था स्तर पर गठित टीम का विवरण अधोलिखित है–**

**कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए प्राध्यापकों की सूची निम्नवत् है–**

| क्रमांक | प्राध्यापक का नाम | संकाय | विद्यार्थियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव<br>प्रो. अर्चना सिंह<br>डॉ. विवेक कुमार शाही<br>डॉ. निधि राय<br>डॉ. कामिनी सिंह | कला संकाय<br>स्नातक एवं परास्नातक | सामान्य वर्ग के विद्यार्थी |
| 2 | डॉ. शिव कुमार<br>डॉ. श्याम सिंह<br>डॉ विवेकानंद शुक्ला<br>डॉ. राकेश कुमार (हिन्दी)<br>डॉ. रविन्द्रनाथ<br>डॉ. अंशुमान सिंह<br>डॉ. प्रियंका सिंह | | अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी |
| 3 | डॉ. धीरज कुमार सिंह<br>डॉ. रविन्द्र कुमार<br>डॉ. अवधेश कुमार शुक्ल<br>डॉ. जागृति विश्वकर्मा | | अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी |
| 4 | डॉ. संजीव कुमार सिंह<br>डॉ. रानी द्विवेदी | वणिज्य संकाय<br>स्नातक एवं परास्नातक | सामान्य वर्ग के विद्यार्थी |
| 5 | डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता<br>डॉ. दीपक कुमार साहनी | | अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी |
| 6 | डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय<br>डॉ. अभय कुमार मालवीय | | अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी |

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273009

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | डॉ. प्रतिमा सिंह<br>डॉ. अनिता कुमारी | जीव विज्ञान संवर्ग | सामान्य वर्ग के विद्यार्थी |
| 8 | श्री धर्मचन्द विश्वकर्मा<br>श्री हिमांशु यादव | जीव विज्ञान संवर्ग | अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी |
| 9 | डॉ. मनीष श्रीवास्तव<br>डॉ. कंचनलता सिंह | जीव विज्ञान संवर्ग | अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी |
| | | परास्नातक रसायन शास्त्र | समस्त वर्ग के विद्यार्थी |
| 10 | डॉ. आनन्द कुमार मिश्रा<br>डॉ. सूरज कुमार शुक्ला | गणित संवर्ग/बी.सी.ए संवर्ग | सामान्य वर्ग के विद्यार्थी |
| 11 | | परास्नातक गणित संवर्ग | समस्त वर्ग के विद्यार्थी |
| 12 | डॉ. रामपाल मौर्या<br>डॉ. अनुराधा सिंह | गणित/बी.सी.ए संवर्ग | अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी |
| 13 | डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव<br>श्री गौरव पाण्डेय | गणित/बी.सी.ए संवर्ग | अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी |
| 14 | डॉ गोपाल सिंह | बी.एड संकाय | सामान्य वर्ग के विद्यार्थी |
| 15 | श्री प्रदीप कुमार यादव | | अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी |
| 16 | श्री राकेश कुमार सिंह | | अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी |

**डॉ. सुभाष चन्द्र**
नोडल अधिकारी

**प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह**
प्राचार्य

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 17.09.2026

## छात्रों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

### ➢ छात्र क्या करें-

- छात्रों हेतु आनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपने शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र / प्रमाण पत्र, जाति/ आय निवास प्रमाण पत्र (आनलाइन जारी), पाठ्यकम की अनिवार्य वार्षिक नान रिफण्डेबिल शुल्क धनराशि, वर्तमान विश्वविद्यालय/बोर्ड का अपना पंजीयन क्रमांक (प्रथम वर्ष को छोड़कर), आधार नम्बर आदि अभिलेख होना आवश्यक है। हाई-स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्र में अंकित नाम, पिता का नाम, लिंग एवं जन्म तिथि का उसी तरह आधार कार्ड में भी अंकन होना आवश्यक है। नवीनीकरण के छात्र आधार नम्बर का जनसांख्यिकीय प्रमाणीकरण (**Demographic Authentication**) (आधार नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि का मिलान) तथा आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओ०टी०पी० को अंकित करने के बाद ही छात्र अपने आवेदन पत्र को भरकर आनलाइन टेम्पेरेरी लाक कर सकेगा।
- नवीन छात्र डिजीलाकर के माध्यम से के०वाई०सी० कर आधार नम्बर का जनसांख्यिकीय प्रमाणीकरण (**Demographic Authentication**) (आधार नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि का मिलान) करने के बाद ही छात्र अपने आवेदन पत्र को भरकर आनलाइन टेम्पेरेरी लाक कर सकेगा।
- नवीनीकरण तथा नवीन छात्र अपने मोबाइल नम्बर अंकित कर ओ०टी०पी० के माध्यम से सत्यापन करेंगे तथा छात्र द्वारा उपयोग किया गया मोबाइल नम्बर एक ही आवेदन पत्र में मान्य होगा।
- आधार नम्बर से सीडेड बैंक खाता एवं एन०पी०सी०आई० में मैपिंग अनिवार्य है। सीडिंग न होने पर छात्र का आवेदन पत्र पूर्ण नहीं हो सकेगा। इस कार्य को सम्बन्धित बैंक शाखा से अनिवार्य रूप से करायें अन्यथा की स्थिति में ट्रांजेक्शन फेल होने की सम्भावना रहेगी। वित्तीय वर्ष-**2023-24** में छात्रवृत्ति का भुगतान आधार नम्बर से सीडेड बैंक खाते में ही होगा।
- छात्र अपने आधार सीडेड बैंक खाते को संचालित रखें,न्यूनतम बैलेन्स बनाये रखें एवं खाते में धनराशि आने की अधिकतम लिमिट न लगी हो तथा हर **03** माह में बैंक खाते में ट्रांजेक्शन अवश्य करें।
- छात्र अपना आवेदन आनलाइन करने के पश्चात एवं टेम्परेरी लाक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण यथा- हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट का रोल नम्बर, जाति /आय प्रमाण-पत्र का क्रमांक एवं आवेदन का क्रमांक, छात्र द्वारा गत परीक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण, वर्तमान पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम का प्रकार, अनुमोदित वार्षिक शुल्क की धनराशि,

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


आवेदन पत्र में अंकित की गयी कैटेगरी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग) आदि का किया गया अंकन सावधानीपूर्वक जांच लें।

- सभी छात्र अपना आवेदन पत्र स्वयं भरें। आनलाइन आवेदन पत्र के लिये पासवर्ड स्वयं सृजित करें। छात्र यदि साइबर कैफे / संस्था से आवेदन कर रहे हैं तो अपने सामने ही सभी प्रविष्टियों को आवेदन पत्र में भरवायें एवं जांच का प्रिन्ट लेकर स्वयं समस्त प्रविष्टियों की जांच कर लें तथा यदि कोई त्रुटि है तो उसको सुधार करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र को आनलाइन सबमिट करें।
- आवेदन पत्र सबमिट करने के उपरान्त तीन दिन बाद संस्था हेतु फाइनल प्रिन्ट ले सकेंगे, यदि आवेदन पत्र में जाति/आय/निवास प्रमाण-पत्र क्रमांक एवं आवेदन क्रमांक, आय तथा हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट के रोल नम्बर में कोई त्रुटि होगी तो उसे इन तीन दिनों में आपकी लागिन पर प्रदर्शित किया जायेगा। सही करने के उपरान्त (हाईस्कूल रोल नम्बर को छोड़कर) ही आवेदन पत्र शिक्षण संस्थान को सबमिट (**Submit**) करने हेतु फाइनल प्रिन्ट लें एवं संस्थान से आवेदन पत्र जमा करने की पावती अवश्य लें।
- पाठ्यक्रम की अनिवार्य वार्षिक शुल्क (**Non Refundable fee**) के कालम में शिक्षण संस्थान से जानकारी करने के बाद ही वास्तविक फीस की धनराशि ही अंकित करें।
- छात्र प्रथम वर्ष में धनराशि न मिलने पर भी पूर्व आवेदन पत्र का अगली कक्षा में नवीनीकरण ही करें, न कि नवीन आवेदन पत्र भरें। छात्रों को नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र की कुछ अनिवार्य प्रविष्टियों को ही भरना है, जिसमें विगत परीक्षा के प्राप्तांक, पूर्णांक, वर्तमान पाठ्यक्रम में प्रवेश की तिथि तथा विश्वविद्यालय / बोर्ड का अपना पंजीयन क्रमांक भरना होगा। नवीनीकरण हेतु पात्र छात्र आवेदन पत्र में विगत कक्षा के पूर्णांक /प्राप्तांक को सही भरें क्योंकि अंको का मिलान विश्वविद्यालय /एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा अपलोड किये गये परीक्षाफल से किया जायेगा । सभी निजी क्षेत्र के संस्थानों में पाठ्यक्रम का प्रकार स्ववित्त पोषित ही रहेगा। शासकीय (**GOVT**) एवं शासकीय सहायता प्राप्त (**AIDED**) संस्थानों में पाठ्यकम पाठ्यक्रम के प्रकार (नियमित (**Regular**)/ स्ववित्त पोषित (**SELF FINANCE**) व पाठ्यक्रम के वर्ष का अंकन सही-सही ध्यानपूर्वक करें। छात्र/छात्रायें स्वयं का ई०-मेल आई०डी० व आधार नम्बर से लिंक स्वयं का मोबाइल नम्बर ही दें **II** वर्तमान सत्र हेतु प्रचलित नियमावली, समय सारिणी, प्रदर्शित सूचनायें एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु **https://scholarship.up.gov.in** पर समय-समय पर सर्च करें एवं वेबसाइट पर निरन्तर प्रदर्शित हो रहे आवश्यक निर्देशों का भली-भांति पालन करें एवं समय सारिणी में दी गयी समयावधि का उल्लंघन कदापि न करें।

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273009
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


- नवीनीकरण के छात्र अपने आवेदन पत्र में पास (**Pass**)/प्रोन्नत (**Promoted with marks**) के साथ अपने सही प्राप्तांक ही भरें। परीक्षा परिणाम न निकलने की दशा में रिजल्ट नाट यट डिक्लेयर्ड (**Result Not yet Declared**) के आप्शन के साथ आवेदन कर सकते हैं, लेकिन संदेहास्पद डाटा को सही करने की समयावधि में परीक्षा परिणाम न निकलने अथवा छात्र द्वारा आवेदन पत्र में परीक्षा परिणाम भरकर संस्थान से पुनः अग्रसारित न कराने की दशा में छात्र का डाटा रिजेक्ट माना जाएगा।
- छात्र अपने आवेदन की स्थिति अपने लागिन एवं पासवर्ड के माध्यम से स्वयं देख सकते हैं। छात्रवृत्ति आवेदन संस्था द्वारा अग्रसारित करने / रिजेक्ट होने पर छात्र के मोबाइल पर एस०एम०एस० (**SMS**) भी जायेगा। संस्थान द्वारा आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि में अग्रसारित होना आवश्यक है।

## ➢ छात्र क्या न करें।

- शिक्षण संस्था में जमा करने के लिये आवेदन पत्र किसी अन्य व्यक्ति को न सौंपे। शिक्षण संस्थान में स्वयं जमा करें।
- किसी दूसरे आवेदन पत्र में उपयोग किये गये मोबाइल नम्बर का पुनः प्रयोग करने पर छात्र का फाइनल प्रिन्ट मान्य नहीं होगा।
- अपने व्यक्तिगत विवरण /अभिलेख यथा आधार नम्बर, हाईस्कूल का अनुक्रमांक व बैंक खाता संख्या तथा आवेदन हेतु सृजित पासवर्ड एवं अन्य कोई भी डाटा अथवा अभिलेख किसी से भी साझा (**Share**) न करें । आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें अनुत्तीर्ण (**Fail**) छात्र किसी भी दशा में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें।
- शिक्षण संस्थान में जमा करने हेतु आवेदन पत्र का फाइनल प्रिन्ट आउट बिना निकाले आवेदन पत्र भरा हुआ नहीं माना जायेगा। समय सारिणी में निर्धारित समयावधि में संशोधन करने के उपरान्त भी संस्थान में जमा करने हेतु संशोधित फाइनल प्रिन्ट निकाल कर संस्था में जमा करने एवं संस्था द्वारा अग्रसारित करने के उपरान्त ही संशोधित आवेदन पत्र मान्य होगा। छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रविष्टियां भरने पर पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का ही होगा एवं आवेदन पत्र निरस्त हो जायेगा तथा छात्रवृत्ति अनुमन्य नहीं होगी। यदि छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन करते समय किसी अन्य छात्र/छात्रा का आधार नम्बर, हाई स्कूल रोल नम्बर, बैंक खाता, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


तथा कोई अन्य अभिलेख प्रयोग किया हुआ पाया जाता है तो छात्र के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

- यदि छात्र का डाटा सन्देहास्पद श्रेणी में आ जाता है तो सन्देह के कारण का उत्तर साक्ष्यों सहित अपनी संस्था के माध्यम से आनलाइन देना होगा। जनपद स्तरीय अधिकारियों (जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी) को संस्थान के माध्यम से छात्रवृत्ति वेबसाइट पर प्रदर्शित निर्धारित समयावधि में आनलाइन उपलब्ध न कराये जाने पर अथवा दिये गये उत्तर/अभिलेखों से छात्र के सही होने के दावे की पुष्टि नहीं होने पर जनपदीय अधिकारियों द्वारा जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति से निर्णय प्राप्त करते हुये डाटा डिजिटल हस्ताक्षर से अस्वीकृत **(REJECT)** कर दिया जायेगा। छात्रवृत्ति सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिये कान्टेक्ट सेन्टर के दूरभाष संख्या **0522-3538700** (प्रातः **9:30** बजे से सायं **6:00** बजे तक अवकाश के दिनों को छोड़कर) पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

**डॉ. सुभाष चन्द्र**
नोडल अधिकारी

**प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह**
प्राचार्य